# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक: 276 /भण्डार/2024 भोपाल, दिनांक: 07/03/2024

## पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर क्रय हेतु प्रथम ई–निविदा वर्ष : 2024

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की प्रशासकीय विभाग/शैक्षणिक विभागों एवं विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के उपयोग हेतु **"पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर क्रय हेतु निविदा वर्ष : 2024"** ऑन–लाईन ई–निविदा आमांत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु म.प्र.शासन की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर लॉग–ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1,000=00 (रू. एक हजार मात्र) तथा सुरक्षा निधि रू. 15,000=00 (रू. पंद्रह हजार रूपये मात्र) है। इन्हें ऑन–लाईन जमा किया जाना है।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 5,00,000=00 (पॉच लाख रूपये मात्र) है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 07/03/2024 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** |
| 02 | Document Download/Start Date | 07/03/2024 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 07/03/2024 | |
| 04 | Document Download/Sale End Date | 01/04/2024 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 01/04/2024 | |
| 06 | Bid Opening Date | 02/04/2024 | |

निविदा संबंधी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट WWW. Bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

कुलसचिव

## भाग– 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र बेवसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा संबंधी जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेब साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के प्रशासकीय/शैक्षणिक विभागों एवं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यक्रमों के उपयोग में आने वाले पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर क्रय के लिए आमंत्रित की जा रही है।

1.3 पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की निविदा को वेब–साईट https://mptenders.gov.in पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मुल्य रू. 5,00,000–00 (पॉच लाख रूपये मात्र) हैं:–

1.4 निविदा आन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 07/03/2024 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेवसाईट **https://mptenders.gov.in** |
| 02 | Document Download/Start Date | 07/03/2024 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 07/03/2024 | |
| 04 | Document Download/Sale End Date | 01/04/2024 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 01/04/2024 | |
| 06 | Bid Opening Date | 02/04/2024 | |

1.5 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा यदि खोली नही जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3:30 बजे खोली जाएगी।

**प्रक्रिया–1:** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000/– (एक हजार मात्र) है। तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 15,000/–(रूपये पंद्रह हजार मात्र) हैं। यह राशि ऑन–लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की गई दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।

**प्रक्रिया–2:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पाई जाने वाली फर्म की ही तकनीकी निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन पर अपलोड किए जाने है।

**प्रक्रिया–3:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 मे योग्य पाई लाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग– 2
## निविदा की अर्हकारी शर्ते

2.1 निविदाकर्ता द्वारा पिछले पॉच वित्तीय वर्षो में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो (2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23) में मान्यता प्राप्त संस्था को पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर प्रदाय किया हो। संबंधित संस्था का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें।

2.2 पिछले तीन वित्तीय वर्षो में से किसी एक वित्त वर्ष (2020–21, 2021–22, 2022–23) में रू. 5 लाख का टर्न ओवर होना अनिवार्य हैं। **फर्म को टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है। इन वर्षो के अंकेक्षित लेखे/बैलेन्सशीट भी संलग्न करें।**

2.3 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लैकलिस्ट नही होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू. 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाए।(संलग्न प्रारूप अनुसार)

2.4 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे प्रस्तुत किया नही माना जावेगा।**

2.5 निविदाकर्ता प्रपत्र एवं निम्नांकित दस्तवेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म की सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें:–

(क) वैद्य जी.एस.टी. (GST) नंबर की प्रति संलग्न करें।

(ख) आयकर (PAN) नंबर की प्रति संलग्न करें।

(ग) वैद्य रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें।

2.6 पिछले तीन असेसमेन्ट वर्षो (2020–21, 2021–22, 2022–23) इनकम टेक्स रिटर्न छायाप्रति भी संलग्न करें।

2.7 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000–00 वापसी योग्य नहीं है।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

भाग–3

## निविदा की अन्य शर्ते

3.1 कार्य आदेश के पूर्व सफल निविदाकर्ता को अनुमानित निविदा की 3 प्रतिशत राशि की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Security Gurantee) एफ.डी.आर., कुलसचिव बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। साथ ही एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तो के उल्लंघन करने पर निष्पादन प्रतिभूति (Performance Security Gurantee) को राजसात कर विश्वविद्यालय द्वारा उसका नकदीकरण किया जा सकेगा।

3.2 पात्र पाई गई संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.3 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से आगामी 1–1 वर्ष करके तीन वर्ष तक के लिए बढ़ाया भी जा सकता है।

3.4 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

3.5 कार्य सन्तोषजनक न होने या सफल निविदाकार द्वारा शर्तो का पालन नही करने की स्थिति में निविदाकार का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली सफल निविदाकार से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में देय भुगतान अधिकतम 10 प्रतिशत कटौती का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.6 सफल निविदाकार द्वारा प्रदाय पानी की जॉच आवश्यक होने पर निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा करवाई की जावेगी। इसका व्यय सफल निविदाकार के देयक से काटा जाएगा।

3.7 सफल निविदाकार को पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर अधिकृत डीलर/स्टाकिस्ट से क्रय कर विश्वविद्यालय को प्रदान करना होगा। वह किस ब्राण्ड का पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर प्रदाय कर रहा है। इस बाबत उसे एक प्रमाण–पत्र देना आवश्यक होगा।

3.8 विश्वविद्यालय को प्रदाय पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर की बॉटल या जार पर उत्पाद की दिनांक एवं उत्पाद के खत्म होने की दिनांक अंकित होना चाहिए। उत्पाद की खत्म होने की दिनांक के एक माह पूर्व की दिनांक को पानी प्रदाय होना चाहिए।

3.9 पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर गुणवत्ता युक्त प्रदान न करने पर प्रस्तुत बिल का 2 प्रतिशत से 5 प्रतिशत कटौती की जाएगी।( दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।)

3.10 पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर प्रदार की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

3.11 दरें कर सहित (Without tax) होगी। यदि लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी निविदा प्रपत्र में देंवे।

3.12 विश्वविद्यालय की मांग अनुसार सफल निविदाकार को सामान्य तापक्रम अथवा ठण्डी बाटल/जार प्रदाय करना होगा। वित्तीय निविदा में इसकी दरें पृथक–पृथक प्रस्तुत करें।

अनुभाग अधिकारी (क्रय) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

3.13 जो निविदा मान्य नही होगी उनकी सुरक्षा निधि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.14 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर (Performance Security Gurantee) राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.15 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर सकारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा।

3.16 निविदा की शर्तो में किसी प्रकार की छूट नही दी जावेगी।

3.17 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

3.18 निविदा विषयक विवाद में अंतिम निर्णय कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का होगा।

3.19 निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर विश्वविद्यालय स्वविवेक से पैरामीटर/प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध किसी का दावा आपत्ति मान्य नही होगी।

3.20 न्यायालीयन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

भाग–4
पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर का स्पेसिफिकेशन
एवं मात्रा

4.1 पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर का स्पेसिफिकेशन निम्नानुसार है:–
पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर आई.एस.आई. मार्क एवं भारतीय मानक ब्यूरो के मानदण्ड IS-14543 का अनुपालन करते हो।

4.2 सफल निविदाकार द्वारा निम्नालिखित मापदण्डों के अनुरूप पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर प्रदाय किया जाएगा।

| S.No. | TEST NAME | LIMIT OF VARIATIONS |
|---|---|---|
| 01 | Turbidity | Max 2 |
| 02 | Colour | Max 2 |
| 03 | Colour | Agreeable |
| 04 | Taste | Agreeable |
| 05 | PH | 8.5 to 8.5 |
| 06 | Nitrate | 45 ppm Max |
| 07 | Alkalinity | 200 ppm Max |
| 08 | Magnesium | 30 ppm Max |
| 09 | Total Coliform Bacteria | Absent |

4.3 सफल निविदाकार द्वारा निम्नलिखित मापदण्डों के अनुरूप पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर प्रदाय किया जाएगा।
बॉटल/जार में भरे पानी की मात्रा निम्नानुसार होना चाहिए:–
(1) पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर ग्लास
(2) 200 एम.एल. बॉटल
(3) 500 एम.एल. बॉटल
(4) 01 लीटर बॉटल
(5) 02 लीटर बॉटल
(6) 05 लीटर बॉटल
(7) 20 लीटर जार (रिफिल)

4.4 बॉटल एवं जार भी भारतीय मानक ब्यरों के अनुरूप होना चाहिए।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग–5

निम्नांनुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित नंबरिंग करने के उपरांत स्केन कॉपी अपलोड की जाना हैं।

| स.क्र. | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 1,000–00 ऑन–लाईन जमा की रसीद। |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 15,000–00 ऑन–लाईन जमा की रसीद। |
| 03 | निविदाकर्ता द्वारा पिछले पॉच वित्तीय वर्षो में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो (2018–19 2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23) में मान्यता प्राप्त संस्था को पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्रदाय किया हो। संबंधित संस्था का कार्य आदेश/ प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें। |
| 04 | पिछले तीन वित्तीय वर्षो में से किसी एक वित्त वर्ष (2020–21, 2021–22, 2022–23)में रू. 5 लाख प्रतिवर्ष औसत का टर्न ओवर होना अनिवार्य हैं। **फर्म को टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है। इन वर्षो के अंकेक्षित लेखे/बैलेन्सशीट भी संलग्न करें।** |
| 05 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लैकलिस्ट नही होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनवार्य है जो रू. 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाए।(संलग्न प्रारूप अनुसार) |
| 06 | वैद्य जी.एस.टी. (GST) नंबर की प्रति संलग्न करें। |
| 07 | आयकर (PAN) नंबर की प्रति संलग्न करें। |
| 08 | वैद्य रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें। |
| 09 | फर्म का ई.पी.एफ. नम्बर की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 10 | पिछले तीन असेसमेन्ट वर्षो (2020–21, 2021–22, 2022–23) इनकम टेक्स रिटर्न छायाप्रति भी संलग्न करें। |
| 11 | निविदा प्रपत्र ए–1 संलग्न करें। |

## प्रपत्र ए – 1
## (निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– **पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर कार्य हेतु प्रथम ई–निविदा वर्ष 2024 बाबत्।**

महोदय,


उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| स.क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेंडलाईन) | |
| 06 | ई–मेल | |

## प्रमाण – पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग ''1'', ''2'', ''3'', ''4'' दर्शित शर्तो के अनुसार '' **पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर क्रय हेतु निविदा वर्ष–2023**'' का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील



**शपथ पत्र**
**रू. 500/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी**
**से सत्यापित**

मैं..............................................................द्वारा प्रोपराईटर मेसर्स.............................................................. निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि :–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/अशासकीय संस्था/उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है।

(2) यह कि फर्म निविदा में दी गई सभी शर्तो को पूर्ण करती है।

(3) यह कि फर्म का पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्रदाय संबंधी में कोई कानूनी विवाद न्यायालय में दण्डित नही किया गया है।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार तथा मेरी सुरक्षा निधि राशि को जब्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

(5) यह कि हमारी फर्म विश्वसनीय पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के डीलर/स्टाकिस्ट/निर्माता से पानी क्रय कर विश्वविद्यालय को प्रदान करेगी जो IS- 14548 के मापदण्डों का पूरा करती हो।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहिता

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
### निविदा प्रपत्र ए–2

| | |
|---|---|
| निविदाकर्ता निर्माता का नाम | |

| स.क्र. | समग्री का विवरण | दर प्रति बॉटल/जार अंको में (सामान्य तापक्रम पर) | दर प्रति बॉटल/जार अंको में (ठण्डी बॉटल/जार) |
|---|---|---|---|
| 1 | पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ग्लास | | |
| 2 | 200 एम.एल. बॉटल | | |
| 3 | 500 एम.एल. बॉटल | | |
| 4 | 01 लीटर बॉटल | | |
| 5 | 02 लीटर बॉटल | | |
| 6 | 05 लीटर बॉटल | | |
| 7 | 20 लीटर जार (रिफिल) | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कर का नाम एवं दरः | |
| 2 | कर का नाम एवं दरः | |
| 3 | कर का नाम एवं दरः | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल